मांग संख्या 82

मुख्य शीर्ष 2202

मद कमांक 1-2

राज्य शासन द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत छात्रावास एवं आश्रम शालाओं में 643 विज्ञान शिक्षकों (शिक्षाकर्मी वर्ग-3) के पद निर्माण की स्वीकृति दी गई है । इस पर रूपये 233.33 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन के लिये रूपये 200 के प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 2236

मद कमांक 3-4

मध्यान्ह् भोजन कार्यक्रम हेतु राज्य शासन द्वारा अनुषांगिक व्यय की राशि 1 रूपये से बढ़ाकर 2 रूपये किए जाने के फलस्वरूप 1235.00 लाख की अतिरिक्त आवश्यकता है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 12,35,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।